## संपादकीय

# फैसला तो लेना ही होगा

भारत सरकार को 28 हजार करोड़ रुपये का भुगतान रूस को करना है। रूस चाहता है कि भारत या तो दोनों देशों के बीच बन चुके रुपया-रुबल भुगतान सिस्टम के तहत यह भुगतान करे, या फिर वह चीनी मुद्रा युवान या यूएई की मुद्रा दिरहम में ये पैसा दे।

नरेंद्र मोदी सरकार के सामने एक कठिन इम्तिहान आया है। रूस से मंगवाए गए हथियारों और लगातार खरीदे जा रहे तेल के बदले भारत किस मुद्रा में भुगतान करे, इससे संबंधित सवाल अब सामने आ खड़ा हुआ है। भारत सरकार को 28 हजार करोड़ रुपये का भुगतान रूस को करना है। लेकिन रूस डॉलर में यह रकम लेने से मना चुका है। वह चाहता है कि भारत या तो दोनों देशों के बीच बन चुके रुपया-रुबल भुगतान सिस्टम के तहत यह भुगतान करे, या फिर वह चीनी मुद्रा युवान या यूएई की मुद्रा दिरहम में ये पैसा दे। रूस के राजदूत ने कहा है कि भारतीय बैंक रुपया-रुबल सिस्टम के तहत भुगतान नहीं कर रहे हैं, क्योंकि उन्हें पश्चिमी प्रतिबंधों के दायरे में आ जाने का डर है। राजदूत ने साफ कहा कि इसका असर दोनों देशों के रिश्तों पर पड़ रहा है। लगे हाथ उन्होंने आगाह कर दिया कि रूस अकेला देश है, जो भारत को हथियार के साथ उसकी टेक्नोलॉजी भी देता है।

पहले खबर आई थी कि निजी क्षेत्र की रूसी कंपनियां एक सीमा से ज्यादा रुपया स्वीकार करने को तैयार नहीं हैं, क्योंकि उन्हें उसका उपयोग नजर नहीं आता। यानी समस्याएं दोनों तरफ हैं। तो अब एक खबर के मुताबिक भारत सरकार के अंदर युवान या दिरहम में भुगतान पर विचार हुआ है। बताया जाता है कि युवान को लेकर कुछ एतराज हैं, इसलिए संभव है कि भारत आखिरकार दिरहम में भुगतान करे। लेकिन रुपया, दिरहम या युवान में से किसी मुद्रा में भुगतान का मतलब भारत का इस समय दुनिया में डॉलर से मुक्त होने की चल रही प्रक्रिया में शामिल होना होगा। ये बात अमेरिका को नागवार गुजरेगी। अभी हाल में ही भारत ने अमेरिका के साथ अपने रक्षा संबंध को और मजबूत किया है। अब मुश्किल यह है कि भारत के सामरिक और सामरिक-आर्थिक हितों के बीच अंतर्विरोध खड़ा होने लगा है। साफ है, इस बारे में भारत को दो-टूक निर्णय लेना होगा। बंटती दुनिया में दोनों तरफ से लाभ उठाने की रणनीति ज्यादा दिन तक कारगर नहीं रह पाएगी।

# ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट : रेलवे और उत्तर प्रदेश सरकार के बीच हुआ 17507 करोड़ रुपए का एमओयू

**लखनऊ।** ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट (जीआईएस-23) के तीसरे और अंतिम दिन रविवार के यूपी में रेल इंफ्रास्ट्रक्चर और नेटवर्क विकास को लेकर रेलवे और उत्तर प्रदेश सरकार के बीच 17507 करोड़ रुपए के समझौता ज्ञापन (एमओयू) का आदान-प्रदान किया गया।



इस दौरान 'रेल और सडक़ के आधुनिकीकरण में उत्तर प्रदेश' विषय पर केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि उत्तर प्रदेश की जीआईएस-23 की दुनिया भर में चर्चा हो रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में यूपी की डबल इंजन की सरकार प्रदेश को बुलेट ट्रेन की गति से आगे बढ़ा रही है। भारत की ग्रोथ में यूपी का महत्त्वपूर्ण योगदान है। इसी वजह से जी-20 के महत्वपूर्ण कार्यक्रम उत्तर प्रदेश में आयोजित हो रहे हैं।

उन्होंने कहा कि 2014 से पहले जब रेल बजट आता था तो यूपी के हिस्से में 1000-1100 करोड़ रुपए आवंटित होते थे। इस बार के बजट में मोदी सरकार ने यूपी के हिस्से में 16 गुना बढ़ोतरी की गई है। अमृत भारत स्टेशन के तहत उत्तर प्रदेश के 150 स्टेशन को विश्व स्तर का बनाया जा रहा है। आर्ट और क्राफ्ट में कार्य करने वाले लोगों के वन स्टेशन वन उत्पाद की योजना शुरू की गई है। इससे इस सेक्टर से जुड़े लोगों की आमदनी बढ़ी है। साथ ही ये उत्पाद लोकल से ग्लोबल बन गए हैं।

रेल मंत्री ने निवेशकों का आह्वान करते हुए कहा कि रेलवे से जुडक़र बिना किसी संकोच के आप उत्तर प्रदेश में अपना प्रोजेक्ट लगाएं और अपने निवेश को फलदाई बनाएं। रेलवे इसमें आपका पूरा सहयोग करेगा।

विदेश सत्र को संबोधित करते हुए उत्तर प्रदेश के लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के मंत्री जितिन प्रसाद ने कहा कि रेल और रोड के बिना हम जनता की आंक्षाओं की पूर्ति नहीं कर पाएंगे। यूपी में चार लाख किलोमीटर का सडक़ नेटवर्क है। पूरे प्रदेश में एक्सप्रेस-वे और सडक़ों का जाल बिछाया जा रहा है। 560 किलोमीटर के गंगा एक्सप्रेस-वे पर काम चल रहा है। प्रदेश में 59 रेलवे ओवरब्रिज (आरओबी) पर काम पूरा हो चुका है। साथ 250 आरओबी को चिन्हित कर लिया गया है, जिन पर जल्द ही काम शुरू हो जाएगा।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में एक लाख टीयूवी का कार्य रेलवे के सहयोग से पूरा किया जाएगा। उत्तर प्रदेश सरकार के अनुरोध पर इसका पूरा खर्च रेलवे वहन करेगा। उन्होंने कार्यक्रम में मौजूद निवेशकों से यूपी में निवेश की आह्वान करते हुए कहा कि आने वाले समय में यूपी से सिर्फ भारत की राजनीति का ही नहीं बल्कि देश का औद्योगिक रास्ता भी उत्तर प्रदेश से जाएगा।

रेलवे बोर्ड (इंफ्रास्ट्रक्चर) के सदस्य रूप नारायण शंकर ने कहा कि उत्तर प्रदेश के विकास के बिना देश का विकास नहीं हो सकता है। इसको ध्यान में रखते हुए उत्तर प्रदेश में रेल नेटवर्क के विकास किया जा रहा है। देश में 1275 रेलवे स्टेशनों को विश्वस्तर का बनाया जा रहा है, इनमें 150 यूपी में हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में 8 हजार किमी रेलवे लाइन का विद्युतीकरण किया जा चुका है। फरवरी के अंत तक उत्तर प्रदेश के पूरे रेल नेटवर्क का विद्युतीकरण हो जाएगा।

रेलवे के मैनेजिंग डायरेक्टर रविंद्र जैन ने कहा कि देश में दो डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर हम बना रहे हैं। इसमें एक पश्चिम कॉरिडोर है तो दूसरा पूर्वी कॉरिडोर है। इन फ्रेट कॉरिडोर के निर्माण से माल गाडिय़ों का आवागमन सुगम हो जाएगा और समय की बचत होगी। पूर्वी डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर का एक हजार 58 किलोमीटर हिस्सा उत्तर प्रदेश में पड़ता है। इसके पूरा होने से उत्तर प्रदेश के रेल के नेटवर्क में आमूलचूल परिवर्तन आ जाएगा। यहां निवेश करने वाले उद्यमियों को अपना माला लाने और ले जाने में कोई समस्या नहीं होगी।

विशेष सत्र में केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव के साथ पीडब्ल्यूडी मंत्री जितिन प्रसाद, राज्य मंत्री बृजेश सिंह, रेलवे बोर्ड (इंफ्रास्ट्रक्चर) के सदस्य रूप नारायण शंकर और रेलवे के मैनेजिंग डायरेक्टर रविंद्र जैन मौजूद थे।

# रोड्रिग्स और ऋचा ने पाक पर दिलाई भारत को जीत

**केपटाउन।** भारत ने जेमिमा रोड्रिग्स (नाबाद 53) के अर्धशतक और विकेटकीपर बल्लेबाज ऋचा घोष (नाबाद 31) के साथ उनकी चौथे विकेट के लिये 33 गेंद में 58 रन की अटूट साझेदारी की बदौलत रविवार को यहां आईसीसी महिला टी20 विश्व कप मैच में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को एक ओवर शेष रहते 7 विकेट से शिकस्त दी।

पाकिस्तान ने कप्तान बिस्माह मारूफ (नाबाद 68 रन) के अर्धशतक और आयशा नसीम (नाबाद 43 रन) के साथ उनकी पांचवें विकेट के लिये 81 रन की अटूट साझेदारी की बदौलत चार विकेट पर 149 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया था।

भारत ने यह लक्ष्य 19 ओवर में तीन विकेट पर 151 रन बनाकर हासिल किया जिसमें 'प्लेयर ऑफ द मैच' जेमिमा रोड्रिग्स की आठ चौके जड़ित 38 गेंद की नाबाद अर्धशतकीय पारी महत्वपूर्ण रही।

# फोरेक्स ट्रेडिंग करने वाले सावधान, आरबीआई ने दी सजा की चेतावनी

**नई दिल्ली।** यदि आप फोरेक्स में ट्रेड करते हैं या फिर अन्य किसी प्रकार का लेन-देन करते हैं तो कृपया सावधान हो जाएं। कई फर्जी और अनधिकृत कंपनियां और वेबसाइट इस प्रकार के लेन-देन करवाने में लग गई हैं और आपको किसी दिन अचानक चूना लगाकर चंपत हो जाएंगी। कुछ शिकायतें मिलने के बाद रिजर्व बैंक ने एक सूची जारी की है और लोगों को बताया कि उन्हें ऐसी कुछ वेबसाइटों और उनके क्रियाकलापों से सावधान हो जाना चाहिए। आरबीआई यह भी बता रहा है कि ये लोग अनधिकृत रूप से इस व्यापार में लिप्त हैं और इनसे लोगों को बचने की जरूरत है। भारतीय रिजर्व बैंक पिछले काफी समय से लोगों को ऐसे फर्जी वेबसाइटों, ऐप और लोगों से सावधान करने के प्रयास जारी रखे हुए हैं लेकिन अभी तक इन पर पूरी तरह से प्रतिबंध नहीं लगाया जा सका है। सरकार और आरबीआई इस दिशा में लगातार काम कर रही है।

बता दें कि भारतीय रिज़र्व बैंक ने 03 फरवरी 2022 को भी आम जनता को अप्राधिकृत फोरेक्स ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म के विरुद्ध सतर्क किया था और उन संस्थाओं की एक सचेतक सूची जारी की थी जो न तो विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम, 1999 (फेमा) के अंतर्गत फोरेक्स में व्यवहार करने के लिए प्राधिकृत हैं और न ही फोरेक्स लेन-देन के लिए इलेक्ट्रॉनिक ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म संचालित करने के लिए प्राधिकृत हैं।

अभी फिर आरबीआई ने सचेतक सूची को अपडेट किया है और इसमें उन संस्थाओं/प्लेटफार्मों/वेबसाइटों के नाम शामिल किए हैं जो ऐसी अप्राधिकृत संस्थाओं/ईटीपी को बढ़ावा देती प्रतीत हो रही हैं, जिनमें ऐसी अप्राधिकृत संस्थाओं के विज्ञापनों के माध्यम से या प्रशिक्षण/सलाहकार सेवाएं प्रदान करने का दावा हो रहा है। आरबीआई यह भी कह रहा है कि यह सचेतक सूची अभी भी पूरी नहीं है। इस बात से साफ है कि इस प्रकार की सूची में नई वेबसाइट या कहें नए ऐप शामिल हो सकते हैं जो इस प्रकार के अनधिकृत काम में लिप्त हैं।

सचेतक सूची में शामिल नहीं की गई संस्था को, भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा विदेशी मुद्रा में व्यवहार करने या फोरेक्स लेनदेन के लिए इलेक्ट्रॉनिक ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म संचालित करने के लिए प्राधिकृत नहीं माना जाना चाहिए।

# नए भारत का ग्रोथ इंजन बनने में उत्तर प्रदेश सक्षम : राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू

**लखनऊ।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था में अहम योगदान देने वाला उत्तर प्रदेश नये भारत का ग्रोथ इंजन बनने के लिये सक्षम है और उन्हे पूरा भरोसा है कि समावेशी विकास की सोच के साथ आयोजित यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिति के सार्थक परिणाम आएंगे।

यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2023 के समापन सत्र को संबोधित करते हुये श्रीमती मुर्मू ने कहा कि समावेशी विकास की सोच के साथ आयोजित यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिति के सार्थक परिणाम आएंगे। उत्तर प्रदेश को विश्वव्यापी ख्याति मिलेगी। दूरदर्शितापूर्ण नीतियों को लागू कर तथा उसके कार्यान्वियन से उत्तर प्रदेश प्रधानमंत्री के विजन के अनुरूप नए भारत का ग्रोथ इंजन बनने के लिए सक्षम भी है और इसके लिए तैयार भी है। उत्तर प्रदेश समृद्ध होगा तो भारत भी समृद्ध होगा। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट उत्तर प्रदेश को उत्तम निवेश प्रदेश बनाने में सहायक सिद्ध होगा।

वृंदावन योजना के वाल्मीकि मेन हाल में उपस्थित देश विदेश के उद्यमियों, निवेशकों, नवाचारियों, नीति निर्माताओं, मंत्रियों, अधिकारियों आदि को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि उत्तर प्रदेश न केवल आबादी के लिहाज से देश का सबसे बड़ा प्रदेश है बल्कि यह देश की अर्थव्यवस्था में भी महत्वपूर्ण योगदान देता है। देश की कई योजनाओं में या पहले स्थान पर है। उत्तर प्रदेश की धरती अन्नदाता की धरती है। खाद्यान्न, गन्ना, आलू आदि व दूध के उत्पादन में यह देश में अग्रणी है।

राष्ट्रपति ने कहा कि उत्तर प्रदेश में कृषि आधारित उद्यमिता विकास की अनेक संभावनाएं हैं। प्रसन्नता की बात है कि उत्तर प्रदेश सरकार फूड प्रोसेसिंग पॉलिसी से खाद्य प्रसंस्करण उद्योग को प्रोत्साहित कर रही है। खुद को किसान परिवार का सदस्य बताते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि कृषि व कृषि आधारित उद्योगों के विकास के लिए किए जा रहे प्रयासों के लिये वह उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व उनकी टीम की प्रशंसा करती हैं। उन्होंने इस बात पर भी प्रसन्नता जताई कि प्रधानमंत्री के प्रयासों से संयुक्त राष्ट्र संघ की तरफ से वर्ष 2023 को अंतरराष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है और इस दिशा में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा मिलेट्स की डिमांड और सप्लाई चैन को प्रोत्साहित किया जा रहा है।

# मौका मिलने पर प्रत्येक खिलाड़ी अच्छा प्रदर्शन कर रही है : हरमनप्रीत



**केपटाउन।** भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने महिला टी20 विश्व कप में अपने पहले मैच में रविवार को यहां चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान पर सात विकेट से जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाने वाली जेमिमा रोड्रिग्स और रिचा घोष की प्रशंसा करते हुए कहा कि जिस भी खिलाड़ी को मौका मिल रहा है वह अच्छा प्रदर्शन कर रही है। पाकिस्तान ने भारत के सामने 150 रन का लक्ष्य रखा था। भारत ने जेमिमा के नाबाद 53 और रिचा के नाबाद 31 रन की मदद से 19 ओवर में तीन विकेट पर 151 रन बनाकर जीत दर्ज की।

हरमनप्रीत ने मैच के बाद कहा,जेमिमा और रिचा ने वास्तव में अच्छी बल्लेबाज़ी की। सभी खिलाड़ी टीम के लिए अच्छा प्रदर्शन करने को बेताब हैं। जिसको भी मौक़ा मिल रहा है, वह बढिय़ा प्रदर्शन कर रहा है। उन्होंने कहा,प्रत्येक मैच महत्वपूर्ण है, प्रतिद्वंद्वी कोई भी हो, लेकिन निश्चित रूप से पाकिस्तान के ख़िलाफ मैच बड़ा होता है। (अगले मैच से पहले) हम नेट्स पर कुछ समय बिताना पसंद करेंगे। हम कुछ चीज़ों पर काम करना चाहते हैं।

पाकिस्तान की कप्तान बिस्माह मरूफ ने कहा कि उनकी टीम ने गेंदबाजी में कुछ गलतियां की जिसका टीम को खामियाजा भुगतना पड़ा। उन्होंने कहा, हमने आज अच्छा खेल दिखाया। हालांकि हमने गेंदबाज़ी में कई ग़लतियां भी की। हमने अच्छी बल्लेबाज़ी, जिस खिलाड़ी को जो भूमिका दी गई थी उसने उसे अच्छी तरह से निभाया। जेमिमा को प्लेयर ऑफ़ द मैच चुना गया। उन्होंने अपनी पारी अपने माता पिता को समर्पित की। उन्होंने कहा,मैं यह जानती थी हमें एक बढिय़ा साझेदारी चाहिए। मेरे माता-पिता यहां हैं और मैं अपनी इस पारी को उन्हें समर्पित करना चाहती हूं। मुझे पता था कि अगर हम आखिर तक टिके रहते हैं तो हमें आसानी से जीत मिल जाएगी। हमें पता था कि वे ढीली गेंदें फ़ेकेंगी और हमने उसका पूरा फ़ायदा उठाया।

# पठान ने दुनियाभर में कमाए 900 करोड़, भारत में जल्द टूटेगा बाहुबली 2 का रिकॉर्ड



शाहरुख खान की पठान बॉक्स ऑफिस पर धीमी होने का नाम नहीं ले रही है। हर हफ्ते फिल्म नए-नए रिकॉर्ड बना रही है। ताजा आंकड़ों के मुताबिक, फिल्म ने दुनियाभर में कुल 900 करोड़ रुपये कमा लिए हैं। फिल्म ने यह कारनामा मात्र तीसरे हफ्ते में ही कर दिखाया है। वाईआरएफ की तरफ से आधिकारिक तौर पर ताजा आंकड़े साझा किए गए हैं।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, वाईआरएफ ने प्रेस रिलीज जारी करके फिल्म के ताजा कलेक्शन की जानकारी दी है। फिल्म ने दुनियाभर में करीब 901 करोड़ रुपये का कारोबार कर लिया है। भारत में फिल्म ने तीसरे शुक्रवार को कुल 558 करोड़ रुपये कमाए हैं। वाईआरएफ ने इन आंकड़ों को इंस्टाग्राम पर भी शेयर किया। इसके साथ कैप्शन में लिखा गया, फिल्म को बेहद प्यार मिल रहा है। इन आंकड़ों से निर्माताओं के साथ-साथ प्रशंसक भी उत्साहित हैं।

भारत में फिल्म ने 464.8 करोड़ नेट की कमाई कर ली है और यह जल्द ही बाहुबली 2 का रिकॉर्ड तोड़ सकती है। बाहुबली 2 (हिंदी) ने भारत में 510.99 करोड़ रुपये कमाए थे। इसी हफ्ते फिल्म ने केजीएफ 2 का रिकॉर्ड तोड़ा है। सोमवार को फिल्म ने भारतीय बॉक्स ऑफिस पर 438.5 करोड़ का कलेक्शन कर लिया था। केजीएफ 2 (हिंदी) की कमाई भारतीय बॉक्स ऑफिस पर 434.7 करोड़ रुपये की रही थी।

# थलपति विजय-लोकेश कनगराज की फिल्म लियो ने रिलीज से पहले कमाए 246 करोड़



तमिल सुपरस्टार थलपति विजय की फिल्म लियो ने डिजिटल राइट्स, सैटेलाइट और म्यूजिक राइट्स से 246 करोड़ रुपए की कमाई की है। तमिल के सुपर डायरेक्टर लोकेश कनगराज द्वारा निर्देशित फिल्म ने फिल्म के प्रोमो की घोषणा के तुरंत बाद एक बड़ी रकम एकत्र की है।

कनगराज की पिछली फिल्म विक्रम में कमल हासन ने संग्रह के रिकॉर्ड तोड़ दिए और उद्योग की चर्चा से पता चलता है कि फिल्म लियो, जिसमें वह थलपति विजय के साथ एकजुट हो रहे हैं, उसी दिशा में आगे बढ़ रहे हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म को लगभग 250 करोड़ रुपए की लागत से बनाया गया है और इसने पहले ही 246 करोड़ रुपए की चौंका देने वाली कमाई कर ली है।

## आज का राशिफल

**मेष :** आज आपका मन अनमना सा रहेगा। परिवार का सहयोग मिलेगा।किसी काम की अभी शुरुआत करने से आपके भावी प्रयासों में लाभ होगा। आपका उतावलापन आपको दूसरों के साथ संवाद करने से रोकेगा।

**वृष :** आप एक जन्मजात प्रेमी हैं जो अनुभव करता है कि जीवन प्रेम के बिना जीने योग्य नहीं है। और आज आप एक ऐसे व्यक्ति से मिल सकते हैं जो ऐसे ही समान विचार साझा करता हो।

**मिथुन :** आज आप किसी भी उत्तरदायित्व को लेने से से पीछा छुड़ा सकते हैं। अभिभावकों को अपने परिवार और बच्चों के साथ अधिक समय बिताने की आवश्यकता है। उनके पास उस प्रेम और देखभाल की कमी है जिसे केवल एक माता पिता ही प्रदान कर सकते हैं।

**कर्क :** आपका आज का दिन मिलाजुला रहेगा। माता पिता का आशीर्वाद व भाइयों का सहयोग उन्नति की और अग्रसर करेगा। खिन्न रहना आपको कुछ व्यक्तियों से दूर ले जाएगा। यह हर चीज का विरोध करेगा जो खुशी लाती है।

**सिंह :** आप सामान्य तौर पर चुस्त और प्रबल हैं। परंतु पिछले कुछ दिनों से आपके व्यस्तता के कारण हो रही थकावट आपको सुस्त कर देगी। पर्याप्त आराम करें जिससे आप ठीक हो जाएंगे।

**कन्या :** आज आपका दिन सामान्य रहेगा। पिताओं को अपने परिवार और बच्चों के साथ अधिक समय बिताने की आवश्यकता है। उनके पास उस प्रेम और देखभाल की कमी है जिसे केवल एक पिता ही प्रदान कर सकता है।

**तुला :** आपकी दृढ़ता और बौद्धिकता आज का दिन बहुत सफल बनाएगी। अवसाद आपको प्रत्येक व्यक्ति से दूर ले जाएगा। यह हर चीज का विरोध करेगा जो खुशी लाती है। आप हर वह लक्ष्य प्राप्त करेंगे जो आपने आज करने के लिए निर्धारित किया है।

**वृश्चिक :** परिवार के सदस्य, विशेष रूप से बच्चे आपके स्नेह और देखभाल के लिए आपकी ओर मुड़ेंगे। महिलाएँ उनके समय पर माँग द्वारा बहुत थकान अनुभव करेंगी। आज आपको कुछ कठिन परिस्थितियों का सामना करना पड़ सकता है।

**धनु :** अभी आप एक कठिन मानसिक अवस्था से गुज़र रहे हैं। आप उन चीजों का भी विरोध करेंगे जो सुंदर और शांतपूर्ण हैं। ध्यान आपको इस मानसिक अवस्था से बाहर लाने में सहायता कर सकता है। मान सम्मान में वृद्धि होगी।

**मकर :** आपकी दृढ़ता और बौद्धिकता आज का दिन बहुत सफल बनाएगी। आप हर वह लक्ष्य प्राप्त करेंगे जो आपने आज करने के लिए निर्धारित किया है। माँ को उनके परिवार और कैरियर के बीच संतुलन बनाना होगा।

**कुंभ :** आप एक जन्मजात प्रेमी हैं जो अनुभव करता है कि जीवन प्रेम के बिना जीने योग्य नहीं है और आज आप एक ऐसे व्यक्ति से मिल सकते हैं जो ऐसे ही समान विचार साझा करता हो।

**मीन :** आप एक असफल परियोजना पर समय बर्बाद कर हारा हुआ महसूस कर सकते हैं। समय एवं ऊर्जा का अपव्यय न करें एवं आपको तरोताज़ा करने वाले किसी परियोजना पर काम करें।

# नाश्ते में खाएं झटपट बनने वाला आंटे का चीला



वेजिटेबल आटा चीला रेसिपी झटपट बनने वाली एक ऐसी रेसिपी है जिसे आसानी से नाश्ते के लिए बनाया जा सकता है। इस डिश की सबसे अच्छी बात यह है कि डाइटिंग कर रहे लोग भी इसे आराम से खा सकते हैं, क्योंकि यह गेहूं का आटे, भारतीय मसाले और कुछ सब्जियों से बना हुआ है।

**सामग्री :**

-1 कप आटा
-स्वादानुसार नमक
-1/2 हल्दी
-1/4 कप दही
-1/2 छोटा चम्मच अजवाइन पानी, आवश्यकतानुसार
-1 अदरक, कद्दूकस किया हुआ
-2-3 हरी मिर्च, कटी हुई
-1 बड़ा चम्मच शिमला मिर्च, कटी हुई
-2 बड़े चम्मच गाजर , कद्दूकस कर ले
-1 बड़ा चम्मच बीन्स, कटी हुई
-2 बड़े चम्मच प्याज
-मुट्ठी भर ताजी कटी हुई धनिया पत्ती

**विधि :**

1. एक मिक्सिंग बाउल में आटा, अजवाइन, नमक और हल्दी लें।
2. दही डालकर मिलाएं।
3. इसमें जरूरत के अनुसार पानी डालकर चीला बैटर तैयार कर लें।
4. सभी सब्जियां डालकर अच्छी तरह मिलाएं।
5. एक तवा गरम करें और तेल से चिकना करें।
6. तवे पर एक कडछी भर चीला बैटर डालें और अच्छी तरह फैलाएं।
7. दोनों तरफ से पकाएं और पसंदीदा चटनी या फिर केचअप के साथ गरमागरम परोसें।


## शब्द सामर्थ्य- 341

**बाएं से दाएं**

1. व्यर्थ, अकारण, बेवजह (उर्दू) 4. साथ में, सहित 5. वर्षा, बारिश, बरखा 8. कथा, किस्सा 9. चिढ़चिड़ा, बदमिजाज 11. प्रलय, आफत, हलचल 12. लाख ढकने का कपड़ा 13. पिता, क्लर्क, सम्मानित व्यक्ति 14. वायु, पवन 16. निवास करना, उपस्थित होना, ठहरना 18. जिसे लात खाने की आदत हो गई हो 19. सेवक, दास, चाकर 21. भ्राता 22. मेघ, जलद, नीरद।

**ऊपर से नीचे**

1. विशेष, विशिष्ट 2. सुगंध, खुशबू 3. आदमी, मनुष्य, मानव 5. अपेक्षाकृत, अपेक्षया 6. कष्ट, दर्द, दिक्कत 7. पठन, पढ़ने का काम, शिक्षा 10. किस्मत, नसीब, भाग्यवान 12. एक पक्षी जो पुराने समय में संदेश वाहक का काम करता था 13. बाल, बच्चा, लड़का, छोकरा 17. वायु संबंधी, हवा में रहने, उड़ने या होने वाला, बिलकुल काल्पनिक और निर्मूल 19. नाव, कश्ती 20. वर्ष, बरस, एक इमारती वृक्ष।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 340 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पं | क्ति | | स्वा | द | | स | ब | ब |
| जा | | सु | हा | ना | | | ली | द |
| ब | हु | धा | | द | ल | ना | | ल |
| | | क | मा | न | | ग | ह | ना |
| भं | व | र | | | | वा | म | |
| गी | त | | म | ज | बू | र | | ट |
| | न | म | स्का | र | | | | र |
| | | र्या | | | बी | | ना | का |
| सं | वि | दा | | ब | स | च | ल | ना |

## सू-दोकू- 341

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | 1 | 6 | | 2 | | 7 |
| 3 | | | | | | | | |
| | | 6 | | | | | 9 | |
| 7 | | | 5 | | 1 | | 3 | |
| | 8 | | | 9 | | 6 | | 2 |
| | | 4 | | | | | 7 | |
| | 3 | | | | 2 | 9 | | 6 |
| 6 | | 7 | 3 | | | | | 4 |
| | 4 | | | 1 | | 7 | 8 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.340 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 6 | 3 | 9 | 8 | 7 | 1 | 5 | 4 |
| 8 | 5 | 1 | 3 | 2 | 4 | 6 | 7 | 9 |
| 9 | 4 | 7 | 1 | 5 | 6 | 8 | 2 | 3 |
| 3 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 5 | 4 | 2 |
| 6 | 1 | 2 | 5 | 4 | 3 | 9 | 8 | 7 |
| 5 | 7 | 4 | 8 | 9 | 2 | 3 | 1 | 6 |
| 1 | 2 | 6 | 7 | 3 | 5 | 4 | 9 | 8 |
| 4 | 8 | 5 | 2 | 6 | 9 | 7 | 3 | 1 |
| 7 | 3 | 9 | 4 | 1 | 8 | 2 | 6 | 5 |